Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems faced by 'Kinu' growers in Shri Ganganagar Parliamentary Constituency

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): सभापति महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर की तरफ दिलाना चाहूंगा, जहां देश में किन्नू बहुत ही सीमित मात्रा में होता है। श्रीगंगानगर और इसके सीमावर्ती पंजाब राज्य के कुछ जिलों में इसकी पैदावार होती है। पिछले 2-3 वर्षों से मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण किन्नू की पैदावार 40 प्रतिशत ही हो पा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

किन्नू किसान संघ द्वारा किन्नू को फसल बीमा योजना में शामिल करने के लिए भी कई बार मांग उठाई चुका है, फसल बीमा योजना में किन्नू शामिल नहीं है।

पिछले साल किन्नू को बांग्लादेश भिजवाया गया था, किन्नू की गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए रेल गाड़ी से वेस्ट बंगाल से बनगांव तक ही किन्नू पहुंचा था, क्योंकि वह सीमावर्ती क्षेत्र था। मैं केन्द्र सरकार से मांग करूंगा कि श्रीगंगानगर से बांग्लादेश तक सीधे किन्नू भिजवाने की व्यवस्था करें।

बांग्लादेश सरकार ने किन्नू के आयात पर आयात शुल्क 28 प्रति से बढ़ाकर 62 प्रतिशत कर दिया है, जिसके कारण बांग्लादेश में किन्नू की कीमत ज्यादा होगी और उसकी कीमत भी बढ़ जाएगी, जिसका खामियाजा भारतीय किसानों को भुगतना पड़ेगा।

इस विषय पर केन्द्र सरकार बांग्लादेश सरकार से आयात शुल्क घटाने के लिए बात करे। मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग है कि किन्नू उत्पादक किसानों की समस्या को देखते हुए उचित निराकरण हेतु जल्द से जल्द कार्रवाई करे। धन्यवाद।